कक्षाओं में कम मिले छात्र, कुलपति नाराज

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने मंगलवार को सेलाकुई स्थित माया इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी और झाझरा स्थित गुरुनानक कॉलेज ऑफ फार्मेसी का निरीक्षण किया। इस दौरान कक्षाओं में छात्रों की कम उपस्थिति और पूरी फैकल्टी न होने पर कुलपति नाराज हुए। उन्होंने दोनों संस्थानों को व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए हैं।

कुलपति डॉ. ओंकार सिंह ने बताया कि विवि को माया इंस्टीट्यूट में बीटेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में अध्यापन कार्य के लिए शिक्षक उपलब्ध नहीं होने की शिकायतें मिल रही थी।